

## एक नजर में

### भोज कृत चंपू रामायण में प्रकृति प्रसंग पर शोध करने पर डॉ. दीपेंद्र शर्मा ओरछा में सम्मानित



**धार।** प्रसिद्ध राजा राम नगरी ओरछा में आयोजित पांचवे और पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय राम महोत्सव 2026 में भोज शोध संस्थान के पुरातत्वविद व निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने भोज कृत चंपू रामायण में प्रकृति प्रसंग और मानवीय स्वभाव एक तुलनात्मक अध्ययन विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। राजा भोज की भोजशाला व चंपू रामायण पर सप्रसंग चर्चा की। जिसकी उपस्थित विद्वानों ने सराहना की। रामायण शोध केन्द्र भोपाल के राजेश श्रीवास्तव व रुद्रानी बुंदेली कला ग्राम एवं शोध संस्थान धाम के संस्थापक प्रसिद्ध अनिनेता राजा बुंदेला के आतिथेय में उत्तरप्रदेश के राज्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध केंद्र निदेशक श्री हरिगोविंद कुशवाह, ख्यातिवंत कवि कुमार विश्वास के पिता रामायण मर्मज्ञ श्री चंद्रपाल शर्मा ने डॉ दीपेन्द्र शर्मा को मैडल व सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया। विद्वत गोष्टी के षष्टम सत्र कार्यक्रम का संचालन युवा कवि अभिषेक द्विवेदी रीवा द्वारा किया गया। डॉ शर्मा की इस एक और उपलब्धि पर इष्टमित्रों व सहयोगियों द्वारा बधाई दी गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्क? ने दी।

### जनगणना 2027 धार में जागरूकता तेज, 1 मई से महासर्वेक्षण

**धार।** भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन हेतु धार जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। जिले के समस्त नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में विभिन्न पोस्टरों, बैनरों और अन्य माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि 1 मई से शुरू होने वाले घर-घर सर्वे में जन-भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। जिले के सार्वजनिक स्थानों, ग्राम पंचायत भवनों और प्रमुख चौराहों पर आकर्षक पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों के माध्यम से नागरिकों को जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले 33 प्रमुख सवालों की जानकारी पहले से दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि जब प्रगणक घर पर आएं, तो परिवार के सदस्य सटीक और पूरी जानकारी देने के लिए तैयार रहें। जिले में %मकान सूचीकरण और मकान गणना% का कार्य 1 मई से विधिवत प्रारंभ होगा। इस दौरान प्रगणकों द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर डेटा संकलित किया जाएगा॰ आवास की स्थिति॰ मकान नंबर, उपयोग, और निर्माण में प्रयुक्त सामग्री। पारिवारिक विवरण॰ सदस्यों की संख्या, जाति, और मुखिया का नाम। सुविधाएं एवं संपत्तियां॰ पेयजल, बिजली, शौचालय, इंटरनेट, स्मार्टफोन और वाहनों की उपलब्धता। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी के निर्देशन में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में जो परिवार स्व-गणना करना चाहते हैं, उनके लिए 30 अप्रैल तक का समय शेष है। इसके पश्चात अनिवार्य रूप से प्रगणक घर-घर जाकर डेटा संकलन करेंगे। जिला प्रशासन ने अपील की है कि सही जानकारी दें, गर्व से भाग लें और देश के विकास में साथ चलें। सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के साथ-साथ जमीनी स्तर पर पोस्टरों के जरिए दी जा रही यह जानकारी जिले के हर नागरिक तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

### बी-पैक्स की सदस्यता अभियान के लिए जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी




**धार।** म.प्र. शासन द्वारा घोषित %कृषक कल्याण वर्ष 2026% के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर सहकारिता के दायरे को ब?ाने के लिए एक व्यापक अभियान की शुरुआत की गई है। इसी क?ी में आज धार जिले में बी-पैक्स (बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं) की सदस्यता बढ़ाने हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रदेश स्तर पर इस वर्ष 10 लाख नवीन सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से धार जिले को 20 हजार नवीन सदस्य बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के संकल्प के साथ, प्रभारी कलेक्टर श्री अभिषेक चौधरी द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई गई। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक सुश्री वर्षा श्रीवास तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्र) श्री के.के. रायकवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**किसानों को मिलेंगे ये लाभ**-इस प्रचार वाहन का मुख्य उद्देश्य जिले के समस्त कृषक बंधुओं तक सदस्यता अभियान की जानकारी पहुँचाना है। जो किसान अब तक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संबद्ध बी-पैक्स संस्थाओं की सदस्यता से वंचित हैं, वे इस अभियान के माध्यम से सदस्य बनकर शासन की 0त्न ब्याज योजना एवं अन्य महत्वपूर्ण कृषि योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### प्रभारी कलेक्टर अभिषेक चौधरी ने जनसुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**धार।** प्रभारी कलेक्टर अभिषेक चौधरी ने जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में 28 अप्रैल को जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याओं को विस्तार से सुना। आज जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई में कुल 104 आवेदन आए । इस दौरान उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, स्वास्थ्य, पेंशन, राजस्व, भूमि अतिक्रमण और विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। प्रभारी कलेक्टर श्री चौधरी ने एक-एक कर आवेदकों से चर्चा की और कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को स्थिति स्पष्ट करने तथा निराकरण की प्रगति की जानकारी ली। जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों को लंबित न रखा जाए और यदि कोई तकनीकी समस्या हो, तो आवेदक को उससे अवगत कराया जाए।





# हाथों में तख्तियां लेकर तपती गर्मी में सड़कों पर उतरे गौभक्त

**कुक्षी। देश में गौ माता के प्रति सम्मान जगाने, उनके संरक्षण, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने एवं गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर देशभर में चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र के संतजनों एवं गौभक्तों ने हाथों में तख्तियां लेकर सड़क पर उतरे।**



गोभक्तों ने रैली निकालकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम विशाल धाकड़ को ज्ञापन सौपा। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना गौसेवक कृषि उपज मंडी में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इसके पूर्व मंडी प्रांगण में सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं निम्बोल गौशाला प्रमुख महेंद्र गुप्ता एवं नरेंद्र मोदी विचार मंच के विधानसभा अध्यक्ष दिलीप जैन सेकेट्री नें कहा की गाय माता भारतीय संस्कृति में आस्था का आधार है। सरकार को अविलंब गौ-हत्या पर देशव्यापी पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और गाय को राष्ट्र माता का सम्मान दिया जाए।

**आकर्षण का केंद्र रही गौ माता और कान्हा बने पाटीदार** -इस रैली की विशेष बात यह रही कि इसमें साक्षात गौ माता भी शामिल हुईं, जिनकी जगह-जगह पूजा-अर्चना की गई। वहीं समाजसेवी महिमाराम पाटीदार भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक वेशभूषा धारण कर रैली में सम्मिलित हुए, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।इस अवसर पर महंत सूरजपुरी जी बाग, महंत नटवर गिरी महाराज, दशा वैष्णव पोरवाड़ समाज महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष गुप्ता,वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र सेठ गुप्ता, राणाप्रताप गुप्ता, लुणकरण गुप्ता, बंशीलाल बाड़मेरा, लक्ष्मी गौशाला प्रमुख पी.के.माहेश्वरी, रमेश पिराग लोणी, सुनील तांतेड, महेश सेठ डूंगरवाल, समरथमल गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, गीत पवार, शारदा भावसार, सुनीता राठौड़, गीता आदि मातृशक्ति के साथ क्षेत्र के गणमान्य जन मौजूद थे। संतजनों का पुष्पहार साथ रैली का भव्य स्वागत सत्कार कोठारवाला परिवार द्वारा किया गया। ज्ञापन का वाचन लोहारी के शैलेश पंवार नें किया।

### गौमाता के सम्मान में रैली निकालकर राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा

**सरदारपुर** । गौ माता में हर भगवान का वास होता है सोमवार को पूरे प्रदेश भर के अन्तर्गत गौमाता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने हेतु सरदारपुर नगर के गौरक्षा सेवा संगठन, हिन्दू उत्सव समिति द्वारा नगर के मुख्य मार्गों से आव्हान रैली निकालकर गौमाता को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग की गई। रैली के दौरान महिला मंडल द्वारा पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। रैली निकालने के पहले गौरक्षा सेवा संगठन, हिन्दू उत्सव समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता खेल परिसर मैदान सरदारपुर में सुबह 10 बजे एकत्रित होकर रैली के माध्यम से तहसील मुख्यालय पहुंचकर तहसीलदार मुकेश बामनिया को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी गौरक्षक समिति जिला अध्यक्ष विजय पाटीदार बिछिया ने दी।

# आचार्य लेखेंद्रसूरीश्वर का 20 वर्ष बाद टांडा नगर में मंगल प्रवेश

▶ भव्य चल समारोह निकला घर घर से अक्षत से गहुली कर बधाया गया

**टांडा।** 1008 श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मन्दिर पानवा तीर्थ के एवं जन जन की आस्था के केंद्र प.पु. मुनिराज आचार्य श्रीमद विजय लेखेंद्रसूरीश्वर जी महाराज सा, मुनिराज पीयुषचन्द्र विजय जी, मुनिराज मृगेंद्र विजय जी म.सा. का सोमवार को टांडा में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रात: डाक बंगला से भव्य चल समारोह निकला जो गुरुदेव की जय जय कार के साथ जैन मंदिर पहुंचा। रास्ते में घर घर से गुरुदेव के सम्मुख अक्षत से गहुली की गई। आगे महिलाए सिर पर कलश उठा कर चल रही थी। गुरुदेव एवं मुनि भगवंतो ने मंदिर में मूलनायक अजीतनाथ भगवान एवं दादा गुरुदेव के दर्शन वंदन किए । सामूहिक गुरुवंदना हुई।

स्वागत उद्बबोधन श्रीसंघ अध्यक्ष पारस कुमार जैन ने दिया ।

जिन शाशन के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुदेव लेखेंद्रसूरीश्वर जी म. सा. के मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प.पु. म.सा. ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्म सत्ता किसी को नही छोड़ती हे। वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर जोर डालते हुए कहा कि आज भाई- भाई का दुश्मन बना बैठा है। मनुष्य मकान जमीन जायदाद के पीछे भाग रहा है। समाज के अनेकों उदाहरण देते हुए म.सा. ने बताया कि कैसे आज व्रद्ध माता पिता की सेवा बच्चो द्वारा नही की जाती और उन्हें व्रद्धा आश्रम छो? आते हैं। एक माँ अपने चार बच्चो को पाल पोस कर ब?ा करती है। लेकिन विडंबना देखिए चार बच्चे एक माँ को नही पाल सकते। जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमे महावीर के दिखाए हुए सिद्धान्तों पर चलने की आवश्यकता है। हम जियो ओर जीने दो, जैनम जयति साशनम बोलते हैं। परन्तु क्या हम सच मे जैन धर्म के बताए मार्ग पर चल रहे हैं क्या, धर्म सभा मे उपस्थित लोगों को पीयूशचन्द्र विजयी म.सा. ने भी अपने जिनवाणी से आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में गुरुभगवन्तो को कामली ओढ़ाने का चढ़ावा प्रकाशचंद्र पन्नालाल जी लोढा परिवार ने लिया। एवं प्रभावना सूरजबाई सोभागमल जी लोढा परिवार के द्वारा दी गई। अल्पेश जैन द्वारा स्व रचित कविता आचार्य लेखेंद्र सूरीजी को तस्वीर भेंट की जिसमे आचार्य श्री के जीवन पर प्रकाश डाला गया

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुक्षी जैन श्री संघ राजगढ़ जैन श्री संघ से महानुभाव उपस्थित थे। जैन श्री संघ द्वारा प्रात: नवकारसी तथा स्वामीवात्सल्य रखा गया।कार्यक्रम का संचालन सुशील गोठी ने किया आभार कोषाध्यक्ष पारस हरण ने माना।

# शिक्षक समस्या निवारण शिविर में आए 23 आवेदन

**मनावर।** किसी भी शाला का परिणाम वहां के शिक्षकों की योग्यता और विद्यार्थियों के परिश्रम और उसकी श्रेष्ठता को दर्शाता है। हमें प्रसन्नता है कि सरकारी शालाओं का परिणाम इस वर्ष बहुत बेहतर रहा है। जिन शिक्षको और प्राचार्य ने एक उत्कृष्ट कार्य योजना बनाकर अपना लक्ष्य निर्धारित कर शाला का परिणाम शत प्रतिशत दिया है। इसके लिए वह सभी सम्मान के पात्र है।

यह बातें सहायक आयुक्त नरोत्तम वर्कड़े ने बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम लाने वाले शाला प्राचार्य के सम्मान समारोह, विकासखंड स्तरीय चार ब्लॉक की समीक्षा बैठक एवं शिक्षक समस्या निवारण शिविर में कहीं। उक्त कार्यक्रमों का आयोजन सांदीपनि विद्यालय मनावर के सभा गृह में आयोजित किया गया । कक्षा 12वीं मे सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य सजन चौहान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघाना और अभिषेक पाचुरेकर करौली तथा कक्षा दसवीं में शत प्रतिशत परिणाम के लिए कैलाश बुंदेला शासकीय हाई स्कूल गवलीपिपलिया, प्रदीप मालवीय मोराड और राम सोनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### जिलेभर के शिक्षक पहुंचे कार्यक्रम में

शिक्षक समस्या निवारण शिविर में कुल 23 शिक्षकों केआवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण ब्लॉक एवं संकुल से होना हे उसके लिए सहायक आयुक्त नरोत्तम वर्कड़े ने तुरंत निर्देश दिए एवं जो निराकरण जिला स्तर से होने है उन्हें शीघ्र हल करने का कहा गया। इसके बाद चार ब्लाकों गंधवानी, उमरबन ,धरमपुरी और मनावर के प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्यों की समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई । सहायक आयुक्त बरकडे ,सहायक संचालक आनंद पाठक , क्षेत्रीय संयोजक पराग अमोली ने प्राचार्यों के समक्ष आगामी कार्य योजनाओं को लेकर सभी बिंदु रखें तथा विस्तार से चर्चा की। समीक्षा बैठक में चारों ब्लॉक के समस्त स्कूलो की समीक्षा कि गई।वरकड़े ने निर्देशित किया कि कर्मचारियों की समस्या का ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर शीघ्र ही निराकरण किया करें। उन्हें ज्यादा पेंडिंग ना रखा जाए। कार्यक्रम का संचालन सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य सोहन शिंदे, साजिद खान द्वारा एवं आभार विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने माना। बैठक में समस्त प्राचार्य, बीआरसी, बीएसी, जन शिक्षक, आदि उपस्थित रहे।

# प्रभारी कलेक्टर अभिषेक चौधरी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली

▶ गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और एनीमिया प्रबंधन पर कलेक्टर का विशेष जोर

**धार। प्रभारी कलेक्टर अभिषेक चौधरी द्वारा कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित 64 स्वास्थ्य सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

इसमें मातृ स्वास्थ्य की समीक्षा के दौरान प्रथम त्रैमास गर्भवती पंजीयन, एनीमिया प्रबंधन, संस्थागत प्रसव तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु की रिपोर्टिंग एवं ऑडिट पर विशेष जोर दिया गया। कम प्रगति वाले विकासखंडों को एक सप्ताह के भीतर सुधार लाने के निर्देश दिए गए। गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं के उपचार एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया।

शिशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण की समीक्षा में नियमित टीकाकरण, गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल (*HBNC*), *HPV* टीकाकरण तथा *Penta-v*, और इसकी की उपलब्धियों में वृद्धि के लिए माइक्रोप्लान बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### एंटी रेबीज वैक्सीन और अन्य दवाओं की हो पर्याप्त उपलब्धता

इसी के साथ ही जिला चिकित्सालय एवं समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में रेबीज वैक्सीन तथा स्नेक बाइट एंटी-वेनम वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा आवश्यकता अनुसार त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री राहत योजना, ह्नक्रस्न गुणवत्ता प्रमाणीकरण, सिकल सेल जांच तथा टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने, चिन्हित संस्थाओं का प्रमाणीकरण पूर्ण करने तथा लक्ष्यानुसार जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर चौधरी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित 64 इंडीकेटर बिंदुओं पर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें। प्रगति की पुन: समीक्षा आगामी जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला नोडल अधिकारी, समस्त विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, बीसीएम, बीपीएम एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

▶ कारोबार बंद रख की सांकेतिक हड़ताल, विभिन्न मांगों को पूरा करने की अपील

# कृषि व्यापारी संघ ने केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर को सौंपा ज्ञापन

**धार।** एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आव्हान पर कृषि आदान विक्रेता संघ, धार द्वारा अखिल भारतीय एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल एवं बंद रखा गया। इस दौरान सभी कृषि आदान व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर प्रात: 11 बजे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन, कलेक्टर धार के माध्यम से नायब तहसीलदार राठौर और केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर को सौंपा।



ज्ञापन में संघ ने 12 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए जबरन लिंकिंग पर रोक, उर्वरकों पर न्यूनतम 8 फीसदी डीलर मार्जिन, आधार पर डिलीवरी, पोर्टल को वैकल्पिक करने, एक्सपायर्ड स्टॉक वापसी अनिवार्य करने सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान मांगा। साथ ही बीज एवं कीटनाशक कानूनों में संशोधन, झूठी शिकायतों पर जांच कमेटी, लाइसेंस बहाली में सरलता और दोहरी लाइसेंस व्यवस्था समाप्त करने की मांग भी रखी गई।

संघ ने बताया कि देशभर के लगभग 5 लाख खाद-बीज-कीटनाशक विक्रेता पिछले 10 वर्षों से समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनके समाधान हेतु यह सांकेतिक हड़ताल की गई है। चेतावनी दी गई कि यदि एक माह में केंद्र सरकार द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन करेंगे।

व्यापारियों का कहना है कि मांगे नहीं मानने पर खरीफ सीजन से पहले अनिश्चितकालीन बंद किया जाएगा। धार शहर अध्यक्ष रमेश जोशी, सचिव टिकेश लववंशी, घनश्याम मेरवानी सहित केसूर, सादलपुर, लेबड़, घाटाबिल्लोद, दिग्ठान, बगड़ी आदि क्षेत्रों के व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री ने व्यापारियों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।